# पाठ - 17

# चिट्ठी आई है

## चिट्ठी आई है

**Q1. नीचे रीना की चिट्ठी का सफर चित्रों में दिया गया है। पर ये क्या। सारे आगे-पीछे हो गए हैं। क्रम के अनुसार चित्रों के नीचे नंबर डालो।**

**उत्तर :**




**Q2. तुम्हें इन चिट्ठियों में क्या अंतर दिखाई दिया?**

**उत्तर :** चिट्ठियाँ कई तरह की होती हैं। उनके मुख्य प्रकार हैं-पोस्टकार्ड, अंतर्देशीय पत्र, लिफाफा।

**Q3. किन-किन चिट्ठियों पर टिकट लगे हैं?**

**उत्तर :** सभी चिट्ठियों पर टिकट लगे हैं।

**Q4. क्या सभी टिकट एक जैसे हैं? उनमें क्या-क्या अंतर हैं?**


**उत्तर :** टिकट तरह-तरह के होते हैं। उनका मूल्य और आकार अलग-अलग होता है। उन पर चित्र भी अलग-अलग तरह के होते हैं।

**Q5. क्या तुमने चिट्ठियों पर डाकघर का ठप्पा लगा देखा है?**

**उत्तर :** हाँ, मैंने चिट्ठियों पर डाकघर का ठप्पा लगा देखा है।

**Q6. दिए गए पोस्टकार्ड पर तुम अपना पता लिखो।**

**उत्तर :**




**Q7. रीना की चिट्ठी तो रेलगाड़ी से दिल्ली पहुँच गई, पर जब रेलगाड़ियों नहीं थीं तो दूर जगहों पर चिट्ठियाँ कैसे पहुँचती थी?**

**उत्तर :** जब रेलगाड़ियों नहीं थीं तब कबूतर दूर जगहों पर चिट्ठियाँ ले जाने का काम करते थे। कभी-कभी आदमी भी चिट्ठियाँ पहुंचाने का काम करते थे।

**Q8. फोन भी अलग-अलग तरह के होते हैं। तुमने जो फोन देखे हैं उनका चित्र बनाओ।**

**उत्तर :** स्वयं करो।

**Q9. हमने चिट्ठी भी लिखी, फोन भी किया। बताओ कि चिट्ठी और फोन में कौन-सी बातें एक जैसी हैं और कौन-सी अलग?**

**उत्तर :**

| टेलिफोन और चिट्ठी | |
|---|---|
| **एक जैसी बातें** | **अलग बातें** |
| दोनों संदेश पहुँचाते हैं। | फोन पर हम दूसरे की आवाज सुन सकते हैं, लेकिन चिट्ठी में नहीं। |
| दोनों दुनिया में हर जगह इस्तेमाल होते हैं। | चिट्ठी से संदेश पहुँचने में कई दिन लगते हैं, फोन से संदेश पलक झपकते पहुँच जाता है। |

## डाकघर की सैर

**Q1. तुमने फोन कहाँ-कहाँ देखा है?**

**उत्तर :** टेलिफोन बूथ, स्कूल, घर, अस्पताल तथा कार्यालयों में।

**Q2. तुम फोन पर किस-किस से बात करते हो?**

**उत्तर :** अपने दोस्तों और रिश्तेदारों से।

Q3. तुम्हें चिट्ठी लिखना या फोन करना-दोनों में से क्या ज्यादा अच्छा लगता है?

**उत्तर :** मुझे फोन करना ज्यादा अच्छा लगता है।